व्यवहार विज्ञान पर समझौता ज्ञापन

चर्चा में क्यों?

08 अगस्त, 2021 को **जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस** (XISS), राँची और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ साइकियाट्री (CIP), राँची ने शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान, संयुक्त परियोजनाओं, इंटर्नशिप, FDP, अतिथि व्याख्यान आदि के क्षेत्र में सहयोग करने के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

प्रमुख बिंदु

- इस समझौते पर XISS के निदेशक एस.जे. कुजुर और CIP के निदेशक प्रो. वासुदेव दास ने हस्ताक्षर किये।
- इस समझौते के तहत सेंटर ऑफ बिहेवेरियल एंड कॉग्निटिव साइंसेज (सीबीसीएस), एक्सआईएसएस (XISS) और सीआईपी (CIP) समुदाय और परामर्श सेवाएँ प्रदान करने के अलावा व्यवहार विज्ञान, संज्ञानात्मक विज्ञान, सार्वजनिक मानसिक स्वास्थ्य, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में संयुक्त सहयोगी अनुसंधान परियोनाओं और कार्यक्रमों का आयोजन और विकास करेंगे।
- इस साझेदारी के तहत, XISS और CIP संस्थान के नवोदित स्नातकों के तकनीकी उन्नति, नवाचार और उद्योगों की प्रतिस्पर्द्धात्मकता बढ़ाने के कौशल का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-on-behavioural-science